# बीजापुर के अध्ययन दल ने बस्तर जिले में सीखे आत्मनिर्भरता के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड में महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्यों की गूंज अब पड़ोसी जिलों तक भी सुनाई देने लगी है। इसी कड़ी में शनिवार को बीजापुर जिले के दो अलग-अलग विकासखंडों से आए एक विशेष अध्ययन दल ने तोकापाल का दौरा किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यहां इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के अंतर्गत संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना और उनकी कार्यप्रणाली को गहराई से समझना था, ताकि इन सफल प्रयोगों को बीजापुर में भी प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

भ्रमण के दौरान बीजापुर से आए दल ने तोकापाल ब्लॉक में संचालित पोल्ट्री फीड यूनिट, आजीविका सेवा केंद्र और ब्रूडिंग यूनिट का गहन निरीक्षण किया। इसके साथ ही, उन्होंने उन्नत तकनीकों के माध्यम से किए जा रहे सब्जी उत्पादन और आजीविका उप-समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी बारीकी से जायजा लिया। विशेष रूप से, दल ने सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र के संचालन की व्यवस्था को देखा और यह समझा कि किस प्रकार स्थानीय स्तर पर प्रबंधन और प्रशिक्षण का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है।

## अपने जिले में भी दोहराने का लिया संकल्प

### कुशल प्रबंधन को देखकर हुए प्रशन्न

इस यात्रा में बीजापुर जिले के संकुल संगठन के पदाधिकारी, ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर, आईएफसी एंकर, सीनियर सीआरपी सहित पशु सखी और कृषि सखी शामिल थीं। तोकापाल संकुल संगठन की उप-समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों और कुशल प्रबंधन को देखकर आगंतुक दल ने उनकी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने स्वीकार किया कि तोकापाल की दीदियों द्वारा किया जा रहा कार्य न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक आदर्श उदाहरण भी है।



### महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे

समापन सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ। बीजापुर से आई दीदियों और अधिकारियों ने तोकापाल के मॉडल से प्रेरणा लेते हुए यह निश्चय किया कि वे अपने जिले में वापस जाकर इन गतिविधियों को प्रारंभ करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि जिस तरह तोकापाल में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, उसी तरह बीजापुर में भी इन योजनाओं को धरातल पर उतारकर वहां की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नशे की हालत में गिरा चौकीदार, मौत

**धमतरी।** अत्यधिक मात्रा में शराब सेवन कर चलते समय वृद्ध चौकीदार लड़खड़ा कर जमीन पर गिर गया। इस घटना में चौकीदार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस व परिजनों के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम सोनझरी निवासी नारायण सिंग गोंड़ पिता अंजोर सिंग उम्र 65 वर्ष ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी में स्थित श्रीजी एग्रोटेक राइस मिल में बीते 4-5 वर्ष से चौकीदारी का काम कर रहा था। शुक्रवार की रात्रि चौकीदार ने राइस मिल परिसर में स्थित अपने क्वार्टर में अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया था। नशे की हालत में वृद्ध राइस मिल परिसर में पैदल चलते हुए गेट की तरफ जा रहा था। इसी दौरान वृद्ध लड़खड़ाकर सिर के बल जमीन पर गिर गया। दोबारा खड़ा होने पर फिर गिर गया। तीसरी बाद किसी तरह खड़ा होने के बाद वृद्ध नशे की हालत में फिर से जमीन पर गिर गया। इस घटना में वृद्ध के सिर के पीछे चोट लगी थी। तीसरी बार गिरने के बाद वृद्ध नहीं उठ पाया। सिर में लगी गंभीर चोट के चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर अर्जुनी पुलिस शनिवार को घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल की मर्रच्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### कर्णेश्वर धाम में धूमधाम से मनी शाकंभरी जयंती

**नगरी।** मरार पटेल समाज की कुलदेवी मां भगवती शाकंभरी देवी की जयंती इस वर्ष भी देउरपारा सिहावा स्थित कर्णेश्वर धाम में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर यज्ञ-हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। नगरी राज मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कर्णेश्वर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता एवं भरत निर्मलकर मुख्य अतिथि रहे। समारोह के दौरान वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य कार्यकारिणी की ओर से 300 से 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### 17 माह से साफ नहीं हुई मुख्य जल टंकी, गंदगी में डूबे वाल्व से हो रही सप्लाई

# नालियों और सीवरेज टैंकों के नीचे बिछी पाइपलाइन, खतरे की घंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंदौर में गंदे पानी के सेवन से हुई मौतों ने पूरे सिस्टम को झकझोर दिया है, वहीं छत्तीसगढ़ के कई शहर अब भी खतरनाक रास्ते पर चलते दिख रहे हैं। जगदलपुर जिला मुख्यालय की स्थिति भयावह है, जहां अनेक वार्डों में पेयजल पाइपलाइन नालियों के भीतर, सीवरेज टैंकों के नीचे और उनके समांतर बिछाई गई है। न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अघनपुर की कई लाइनों में यह स्थिति है, जबकि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी यही हाल है।

इंदौर हादसे के बाद प्रदेश स्तर पर अलर्ट जारी हो चुका है और शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन जमीनी सच्चाई चिंता बढ़ाने वाली है। शहर में लोगों तक शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए बनाई गई मुख्य जल टंकी के आसपास गंदगी पसरी है। टंकी से पानी सप्लाई करने वाला वाल्व गंदे पानी में डूबा रहता है, जिससे दूषित जल के पाइपलाइन में प्रवेश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।



मिली जानकारी के मुताबिक चौंकाने वाली बात यह है कि इस मुख्य टंकी की नियमित सफाई नहीं की जा रही। 22 फरवरी 2024 के बाद 21 जुलाई 2024 को एक बार सफाई हुई, लेकिन उसके बाद वर्ष 2025 में एक बार भी टंकी की सफाई नहीं कराई गई। यानी करीब 17 माह से उसी टंकी का पानी शहरवासियों के घरों तक पहुंच रहा है। निगम के जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस गंभीर लापरवाही पर अब तक नहीं पड़ी, जबकि मौके पर मौजूद कर्मचारी लगातार विभाग को स्थिति से अवगत करा रहे हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि लोगों तक पहुंच रहा पानी वास्तव में कितना शुद्ध है और कहीं यह आने वाले समय में किसी बड़े हादसे की भूमिका तो नहीं बना रहा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के आयुक्त, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।




### पाइप लाइन की जांच की जाएगी

शहर का मुख्य सप्लाई सेंटर की टंकी की सफाई के लिए 15 दिन पहले टेंडर जारी हुआ था। टंकी की सफाई पूरी हो गई है। शहर में पानी सप्लाई के लिए जो पाइप लाइन बिछाई गई है उसका सर्वे कर जांच के निर्देश दिए गए है। नगरीय निकाय सचिव ने सभी क्षेत्रों के पाइप लाइन जांच के निर्देश दिए हैं।



# मलकानगिरी जिले पहुंचकर बंगाली समाज के लोगों ने की मदद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उड़ीसा के मलकानगिरी जिले के बंगाली बाहुल्य ग्राम एमवी 26 में आपदा राहत कार्य मे बंगाली समाज के कांकेर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा जिला के प्रतिनिधि मंडल ने सहयोग प्रदाय किया। इस कार्य के लिए छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने समस्त प्रतिनिधि मंडलों का आभार व्यक्त किया है।

- एमवी 26 गांव में 188 परिवारों को नुकसान पहुंचाया गया

उन्होंने कहा कि हाल ही में ग्राम एमवी 26 में आगजनी, लूटपाट, तोड़फोड़ की घटना पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में किया गया। जिसमें बंगाली समाज के 188 परिवारों को असामाजिक तत्वों के द्वारा मकान सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया गया। मिनी बंगाल पखांजूर से सुखलाल सरकार, निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल, मिहिर राय, मोनिका साहा, पूर्व सरपंच बोरगांव तरुण कुमार साना, विपुल जोरदार, दीपेंद्र सिंकदर, विश्वनाथ सिकदर, प्रभास राय, प्रभास मजूमदार , बप्पा पाल छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के फाउंडर मेंबर काली पद दास किरंदुल के मृणाल राय, रिंकू राजवंशी ने सहयोग प्रदान किया।

# तकनीकी खामियों से लोग राशन से वंचित

केवाईसी पूरी न होने पर राशन रोकना अमानवीय : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लागू की जा रही केवाईसी प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि शासन की यह व्यवस्था पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बनाई गई है लेकिन जमीनी स्तर पर यह गरीब, किसान, आदिवासी और श्रमिक वर्ग के लिए समस्या बन गई है। तकनीकी खामियों के कारण बड़ी संख्या में वास्तविक और पात्र हितग्राही राशन से वंचित हो रहे हैं, जिससे जनता में आक्रोश है। वर्तमान व्यवस्था के तहत यदि किसी परिवार में 6 से 7 सदस्य हैं और उनमें से किसी एक सदस्य की केवाईसी किसी कारणवश पूरी नहीं हो पाती है, तो पूरे परिवार को राशन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने इसे अन्यायपूर्ण और अमानवीय कहा है।



तकनीकी समस्या का दंड पूरे परिवार को देना गरीबों के साथ अन्याय है। इससे कई परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। बस्तर में अधिकांश हितग्राही आदिवासी, छोटे किसान और दिहाड़ी मजदूर हैं। इन परिवारों के पास न तो पर्याप्त तकनीकी साधन हैं और न ही खुद का मोबाइल है। ऐसे में ओटीपी आधारित केवाईसी प्रक्रिया उनके लिए अव्यवहारिक है। ग्रामीण इलाकों में बुजुर्गों की फिंगरप्रिंट मशीन में नहीं आ रही है। उम्र अधिक होने, मेहनत-मजदूरी के कारण उंगलियों के निशान घिस जाने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते बायोमेट्रिक सत्यापन बार-बार असफल हो जाता है। इसके अतिरिक्त कई हितग्राहियों के आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर पुराने या बंद हो चुके हैं, जिससे ओटीपी प्राप्त नहीं हो पाता और केवाईसी अधूरी रह जाती है।

### राशन दुकानों का चक्कर काटना संभव नहीं

गरीब आदिवासी मजदूरों के लिए बार-बार कार्यालयों और राशन दुकानों के चक्कर काटना संभव नहीं है। ऐसे में राशन जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित होना दयनीय बना रहा है।

# बस्तर की होनहार पंक्ति जयपुर में मचाएगी धूम

**जगदलपुर।** शहर की प्रतिभा पंक्ति बेदरकर जिसने सौंदर्य प्रतियोगिता 2025 मे चार खिताब राज्य और राष्ट्रीय स्तर का जीत कर बस्तर और छत्तीसगढ़ को गौरवन्वित किया था। अब 2026 के शुरूवात में जूनियर मिस इंडिया में भाग लेने जयपुर राजस्थान जा रही है।



जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता में टॉप फाइनलिस्ट मे शामिल

भारत के 29 शहरों में प्रतिभागियों का चयन किया गया है। पंक्ति का चयन वाइल्ड कार्ड एंट्री के साथ टॉप फाइनलिस्ट में हुआ है।

ये सौन्दर्य प्रतियोगिता 5 से 16 साल के बच्चों का सबसे बड़ा प्लेटफार्म है जिसका ग्रैंड फिनाले जयपुर में जनवरी 6 से 9तक होने जा रही है । पंक्ति ने कहा कि पूरी तरह आश्वस्त हूं। बस्तर वासियों के प्यार और मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद से मेहनत सफल होगी।

# कलेक्टर ने दिए निर्माण कार्यों को तेजी से करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में जल संवर्धन की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने और बुनियादी ढांचे के विस्तार के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टर हरिस एस ने लोहंडीगुड़ा और बस्तर विकासखंड का सघन भ्रमण कर

- लोहंडीगुड़ा और बस्तर विकासखंड का सघन भ्रमण

चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिले में सिंचाई क्षमता बढ़ाने और पर्यटन को नए आयाम देने के लिए चल रहे इन कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता और तय समय सीमा के साथ कोई समझौता न किया जाए।



कलेक्टर के लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम करेकोंट से हुई, जहाँ इंद्रावती नदी पर 18 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से एक विशाल एनिकट सह पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी साबित होगी, क्योंकि इसके पूर्ण होने पर न केवल करेकोंट की 890 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी, बल्कि यह पुलिया बिन्ता, सतसपुर, धमाबेंड़ा और चंदेला जैसे गांवों के लिए बारहमासी आवागमन का साधन भी बनेगी। वर्तमान में इस परियोजना का 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और प्रशासन ने इसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की इसी कड़ी में कलेक्टर ने ग्राम मिचनार में चल रहे दो महत्वपूर्ण स्टॉप डैम निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। यहाँ जिला खनिज न्यास संस्थान मद से 2 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से मिचनार खासपारा स्टॉप डैम बनाया जा रहा है, जिसका 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और पाइपलाइन का काम अंतिम चरण में है। इसके पूर्ण होते ही फरवरी 2026 तक स्थानीय किसानों को सौर उदवहन के जरिए 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। वहीं इसी गांव में जल संसाधन विभाग द्वारा 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से मगरपखना मिचनार स्टॉप डैम का निर्माण भी तेजी से चल रहा है, जिसका 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और इसे मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिससे 70 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र सिंचित हो सकेगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग भरत कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### इको-टूरिज्म रिसॉर्ट का निरीक्षण

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ प्रशासन पर्यटन को बढ़ावा देने पर भी जोर दे रहा है। कलेक्टर ने बस्तर विकासखंड के सालेमेटा में कोसारटेडा बांध के समीप निमार्णाधीन इको-टूरिज्म रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। जिला खनिज न्यास मद से 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस रिसॉर्ट का 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मार्च 2026 तक इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की उम्मीद है, जिससे न केवल क्षेत्र में पर्यटन का विकास होगा, बल्कि पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।




# नक्सलियों के साथ गत वर्ष हुए सौ मुठभेड़ में करोड़ों के ईनामी 256 ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग में पिछले पांच साल में हुए क्राईम के आंकड़े पेश करते हुए बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने वर्षवार ब्यौरा जारी करते हुए पत्रवार्ता में बताया कि वर्ष 2025 में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में सुरक्षाबलों ने बहादुरी से मुकाबला करते हुए सौ मुठभेड़ में करोड़ों के ईनामी 256 नक्सलियों को मार गिराया। यह आंकड़ा बीते पांच साल में सर्वाधिक है। आपरेशन के दौरान 898 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया जबकि 1573 नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए। वहीं नक्सलियों से एक साल में 677 हथियार बरामद किया गया है। इसके अलावा पांच साल में पांच साल में हत्या का 156 व हत्या के प्रयास का 170 मामला दर्ज किया गया जबकि सड़क दुर्घटना में एक ही साल में 782 लोगों की असमय मौत हो गई। वहीं आकंड़ो की बात करें तो बीते 5 वर्षों में 3 हजार से अधिक की सड़क हादसे में मौत हुई। आईजी ने बताया कि वर्ष 2026 को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है जहां इस बात को कहा गया है कि किसी भी तरह से होने वाले एनकाउंटर में हमारे जवानों को किसी भी तरह से कोई भी नुकसान नही होने देंगे इसके लिए पूरी तरह से रणनीति तैयार कर लिया गया है।



एक ही साल में नक्सलियों के कब्जे से 677 अत्याधुनिक हथियार बरामद किया गया है इनमें 42 एके 47 रायफल के अलावा इंसास, एसएलआर, कार्बाइन, 303 रायफल, 9 एमएम पिस्टल के अलावा बीजीएल रायफल व लांचर, 12 बोर बदूंक, 315 बोर बंदूक, भरमार, कट्टा, देशी पिस्टल, रिवाल्वर व अन्य हथियार शामिल है। पत्रवार्ता के दौरान आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम के अलावा एसपी बस्तर शलभ सिन्हा, एसपी बीजापुर डॉ जितेंद्र यादव, एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय, एसपी सुकमा किरण चव्हाण, एसपी कांकेर निखिल रकेचा, एसपी कोण्डागांव पंकज चंद्रा तथा एएसपी नारायणपुर अजय कुमार व एएसपी बस्तर माहेश्वर नाग व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### चोरी व बलात्कार के मामले सैकड़ों में दर्ज

आईजी ने बताया कि बीते पांच साल में हत्या के 8 सौ से अधिक मामले दर्ज किए गए है। वर्ष 2021 में 196, 2022 में 179, 2023 में 175, 2024 में 169 तथा वर्ष 2025 में 156 मामले दर्ज किए गए। वहीं हत्या का प्रयास का मामला वर्ष 2025 में 170, लूट के 19, नकबजनी के 218, चोरी के 262, बलात्कार के 294, अपहरण व व्यपहरण के 267, शीलभंग के 92, धोखाधड़ी के 157, सड़क दुर्घटना से मौत के 782, आपसी वादविवाद व मारपीट के 727,, दहेज मृत्यु के 1, प्रताड़ना का 9 तथा भारतीय दण्ड सहिंता व भारतीय न्याय सहिंता की विभिन्न धाराओं में 1977 मामला दर्ज किया गया है।

